**लोक सभा अध्यक्ष वर्चुअल माध्यम से 81वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन (एआईपीओसी) की अध्यक्षता करेंगे**

**...**

**इस सम्मेलन में 'प्रभावी और सार्थक लोकतंत्र को बढ़ावा देने में विधायिका की भूमिका' पर विचार-विमर्श किया जाएगा**

**...**

**सौ साल पहले आज ही के दिन शिमला में पहला अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन आयोजित किया गया था**

**...**

**इस सम्मेलन का आयोजन अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के अवसर पर किया जा रहा है जिसे हर साल 15 सितंबर को मनाया जाता है**

**...**

**भारत के विधायी निकायों के पीठासीन अधिकारी इस सम्मेलन में भाग लेंगे**

**...**

**कई राष्ट्रीय संसदों के पीठासीन अधिकारी भी इस सम्मेलन में शामिल होंगे**

**...**

**नई दिल्ली, 13 सितंबर, 2021:** 81वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन (एआईपीओसी) का आयोजन बुधवार, 15 सितंबर, 2021 को 1100 बजे वर्चुअल माध्यम से किया जाएगा।

सौ साल पहले इसी दिन शिमला में पहला अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन आयोजित किया गया था। इस सम्मेलन का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के अवसर पर किया जा रहा है, जिसे हर साल 15 सितंबर को मनाया जाता है।

माननीय लोक सभा अध्यक्ष और एआईपीओसी के अध्यक्ष, श्री ओम बिरला सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। इस सम्मेलन में 'प्रभावी और सार्थक लोकतंत्र को बढ़ावा देने में विधायिका की भूमिका' पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

भारत के विधायी निकायों के पीठासीन अधिकारी इस सम्मेलन में भाग लेंगे।

कई राष्ट्रीय संसदों के पीठासीन अधिकारी भी सम्मेलन में शामिल होंगे।